# एआई प्रशिक्षण मंडप में मिलेगा रोजगार, स्टार्टअप का नया आयाम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित आईजीपी सभागार में 26 से 28 अगस्त तक आयोजित होने जा रहे रोजगार महाकुंभ में युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और नई तकनीकों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में एआई प्रशिक्षण मंडप, स्टार्टअप प्रदर्शनी और नवाचार तकनीक मुख्य आकर्षण होंगे।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग की ओर से आयोजित इस रोजगार महाकुंभ में देश और प्रदेश की 100 से अधिक निजी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यहां युवाओं को न सिर्फ रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि उन्हें एआई-संचालित नौकरियों, डिजिटल स्किल्स और नई तकनीकों के बारे में विशेषज्ञों से सीधी जानकारी भी मिलेगी।

सेवायोजन की निदेशक नेहा प्रकाश ने बताया कि रोजगार महाकुंभ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए रोजगार रथ के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान एआई प्रशिक्षण मंडप में उद्योग जगत के विशेषज्ञ डिजिटल कौशल और भविष्य की नौकरियों पर मार्गदर्शन देंगे।

## 26 से 28 अगस्त तक आईजीपी सभागार में लगेगा रोजगार महाकुंभ

**स्टार्टअप प्रदर्शनी में दिखेगा नया भारत :** रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी में सरकारी योजनाओं के साथ आईटी, एआई, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य क्षेत्रों की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, राष्ट्रीय सम्मेलन में नीति निर्माता, कॉर्पोरेट नेता और वैश्विक विशेषज्ञ भविष्य के रोजगार बाजार और कौशल रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। स्टार्टअप कंपनियां यहां अपने नवाचारों और समाधान का प्रदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री युवा स्टॉल में विभिन्न कौशल परिषदों का सहयोग भी युवाओं को मिलेगा।